# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः–21.03.2023

दिनांक 22.03.2023 से 30.03.2023 तक जोधपुर शहर में चैरत्र नवरात्रा पर्व चामुण्डा माताजी मंदिर मेहरानगढ़ (जोधपुर किला) पर मनाया जायेगा। इस दौरान यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी।

1. मेहरानगढ़ जयपोल के नीचे तलहटी पर समस्त प्रकार के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था रहेगी। तलहटी पार्किंग से ऊपर जयपोल की तरफ वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।
2. समस्त प्रकार के चार पहिया व तिपहिया वाहन नागौरी गेट से किला रोड़ होकर मेहरानगढ की तरफ जा सकेगें। मेहरानगढ से वापसी में सिंगाड़ियो की बारी विद्याशाला रोड़ सूरसागर की तरफ वापस जायेंगे। नागौरी गेट की तरफ नहीं जायेंगे। यह वन–वे व्यवस्था केवल चार पहिया व तिपहिया वाहनों के लिए ही होगी एवं दुपहिया वाहनों का आवागमन जारी रहेगा।
3. मेहरानगढ जयपोल के सामने स्थित अर्द्धचन्द्राकार पार्किंग स्थल पर उपरोक्त अवधि में एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड के अलावा किसी भी प्रकार का वाहन पार्क नहीं होगा।

ओर से
(चैनसिंह महेचा)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर